पत्रांक–2प/वि–17/अमृत महोत्सव–13/2021/ 3836 /पं0रा0

**बिहार सरकार**

**पंचायती राज विभाग**

प्रेषक,

**डॉ0 रणजीत कुमार सिंह,**भा0प्र0से0

निदेशक

सेवा में,

जिला पदाधिकारी,

रोहतास, सीतामढ़ी, अरवल, सिवान, पटना एवं औरंगाबाद।

पटना, दिनांक– 28/4/2022

**विषयः–आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत Becon Panchayat के रूप में चयनित पंचायतों में गतिविधियों/कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त मार्ग निदेश के आलोक में कहना है कि वर्ष 2022 में देश अपनी आजादी का 75वाँ वर्ष मना रहा है, जो सभी भारतीयों के लिए गर्व की बात है। स्थानीय सरकार की भूमिका एवं महत्व को देखते हुए ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा 75 सप्ताह की कार्य योजना तैयार की गयी है, जिसके अधीन पंचायती राज मंत्रालय (MOPR) से संबंधित विविध गतिविधियों के आयोजन का निदेश प्राप्त है।

2. उपर्युक्त आलोक में आपके जिला अंतर्गत Beacon Panchayat के रूप में चयनित ग्राम पंचायतों, पंचायत समिति एवं जिला परिषद् संस्थाओं में पत्र के साथ संलग्न कैलेण्डर के अनुसार MoPR के समक्षक अंकित विषय पर गतिविधियों/कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

3. गतिविधियों के आयोजन में होने वाले सामान्य व्यय हेतु विभाग द्वारा Beacon Panchayat के रूप में चयनित पंचायती राज संस्थाओं को राशि उपलब्ध करा दी गयी है।

4. संलग्न कैलेण्डर में पंचायती राज मंत्रालय (MOPR) हेतु निर्धारित विषय/इकाई पर संबंधित Beacon Panchayat के द्वारा संगोष्ठी, विचार–विमर्श, वाद–विवाद प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, प्रभात फेरी आदि का आयोजन किया जायेगा। इस क्रम में पंचायती राज संस्थाऐं अपनी विशिष्टताओं के अनुरूप अलग विषय पर भी गतिविधियों/कार्यक्रमों का आयोजन कर सकेगी। कार्यक्रम की विशेषताओं को उजागर करने एवं आजादी से संबंधित विभिन्न कथाओं, इतिहास के वर्णित प्रसंग एवं स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले नायकों के संदर्भ में युवाओं को जागरूक एवं प्रेरित किया जायेगा। संपूर्ण कार्यक्रम में सभी की सहभागिता खासकर महिलाओं एवं युवा वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। पंचायती राज संस्थाऐं अपने विशिष्टताओं से संबंधित IEC Material तैयार करेंगे, जिसका उपयोग आवश्यकता अनुसार इलेक्ट्रॉनिक मिडिया/सोशल मिडिया के माध्यम से स्थानीय भाषा में प्रचार करने हेतु किया जायेगा। पंचायतों द्वारा अभियान के प्रचार–प्रसार हेतु Wall-painting/Hoarding/banners का प्रदर्शन उपयुक्त Location पर किया जायेगा। पंचायतों के द्वारा "आजादी का अमृत महोत्सव" शीर्षक एवं लोगो (Logo) के अधीन सामाजिक विकास से संबंधित स्लोगन का लेखन निर्मित सरकारी भवनों एवं परिसम्पतियों पर किया जा सकता है।

5. पंचायत स्तर पर गतिविधियों के आयोजन में "आजादी का अमृत महोत्सव" से संबंधित लोगो (Logo) का प्रदर्शन आवश्यक रूप से किया जायेगा।

लगातार......

6. पंचायतों में "आजादी का अमृत महोत्सव" हेतु आयोजित गतिविधियों की सूचना, विवरण एवं फोटोग्राफ/विडियोग्राफ को India@75 Dashboard (http://indiaAt75.nic.in) पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जायेगा।

7. आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के सफल कार्यान्वयन हेतु जिला पंचायत राज पदाधिकारी नोडल पदाधिकारी होंगे, जो प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी के सहयोग से Beacon Panchayat में आयोजित समस्त गतिविधियों का अनुश्रवण एवं वांछित आंकड़ों का संबंधित डैशवोर्ड में अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगे।

अतः अनुरोध है कि उपर्युक्त निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु Beacon Panchayat के रूप में चयनित सभी पंचायतों को निदेशित करने की कृपा की जाये।

**अनुलग्नक**–यथा उपर्युक्त।

विश्वासभाजन

(डॉ0 रणजीत कुमार सिंह)
निदेशक

ज्ञापांक– 2प/वि–17/अमृत महोत्सव–13/2021/3836/पं0रा0 पटना, दिनांक–28/4/2022

प्रतिलिपिः–जिला पंचायत राज पदाधिकारी, रोहतास, सीतामढ़ी, अरवल, सिवान, पटना एवं औरंगाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(डॉ0 रणजीत कुमार सिंह)
निदेशक

ज्ञापांक– 2प/वि–17/अमृत महोत्सव–13/2021/3836/पं0रा0 पटना, दिनांक–28/4/2022

प्रतिलिपिः–प्रधान सचिव, पंचायती राज विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

(डॉ0 रणजीत कुमार सिंह)
निदेशक